राजस्थान विधान सभा

प्रथम बैठक, शुक्रवार ५ मार्च, सन् १९५४ ई.

विधान सभा की बैठक सभा भवन, जयपुर में प्रातः १० बजकर १० मिनट पर प्रारम्भ हुई ।

(श्री नरोत्तमलाल जोशी, अध्यक्ष, पदासीन)

उद्घाटन भाषण

(श्रीमन् राजप्रमुख ने ठीक १० बजकर १० मिनट पर सभा-भवन में प्रवेश किया तथा उद्घाटन भाषण पढ़ा)

"*Mr. Speaker, Honourable Members,*

It is with genuine pleasure that I welcome you to this Session of the Legislative Assembly.

A year ago I addressed you in an atmosphere of gloom. Our financial position was unsatisfactory, our food supplies were causing us considerable anxiety; and even though there had been some improvement in the law and order situation, we were still facing the menace of large groups of dacoits. Now, a year later, I can state with confidence that Government have been able to improve our financial resources, stabilize our position in regard to foodgrains, and effect a striking change in the law and order situation, and we are now in a position to face the coming year with hope and confidnce.

2. As a result of the strong and effective measures taken by Government, there has been a reduction to the extent of 52 per cent, in the number of dacoities in 1953 compared with the number of the preceding year. The total number of dacoits who surrendered during the year was 38; 37 other dacoits were shot dead and 423 were arrested. There has been a definite restoration of the sense of security in the countryside as a whole including the border areas. To control trans-border crime, a Conference of the Inspectors-General of Police of Rajasthan, Sind and Saurashtra was held and steps devised for ensuring greater co-ordination in the activities of the Police forces of these states. Similarly, after a Conference of the representatives of the Governments of Uttar Pradesh, Madhya Bharat and ourselves, greater co-ordination has been ensured between

the Police forces of the three States in dealing with the crimes in the Chambal ravines.

3. The reorganisation of the Police force has made very considerable progress, especially in the direction of providing vehicles, wireless sets, arms and other equipment to our Police force. We are working on plans to start a Finger Print Bureau and a Forenic Laboratory and to introduce other modern methods of investigation. The part B States (Special Assistance) Enquiry Committee have recommended to the Government of India that we should be assisted with funds for bringing our administrative buildings up to modern requirements. Government expect to use a considerable proportion of these funds for building Police Station and Police Lines where their need is most felt. I would like to voice Government's appreciation as well as my own of the work done by all branches of the Police force and, in particular, by the Rajasthan Armed Constabulary who, in difficult and inhospitable tracts, are performing duties of the greatest importance. I would also like to express our sympathy with the members of the bereaved families of those members of the Police force who have laid down their lives in the discharge of their duties.

4. Steps have been taken for active association of villagers with the Police in the control of crime. To this and 2,491 Village Defence Societies have been started and many of them have been of great help to Government in the suppression of crime.

5. The first half of the present financial year brought us to a situation of scarcity in certain parts of the State. This was due mainly to irregular and inadequate rainfall. Relief works were started and continued during the first half of the current financial year, to deal with distress in an area of 44,088 square miles in which resides a population of 22,66,659. Gratuitous relief was also provided to the old and infirm and 'purdahnashin' women. In all, a sum of Rs. 46,30;000 was spent on relief measures. The rainfall during the current year was very satisfactory in most of the areas, but some parts of the districts of Ganganagar, Jhunjhunu, Churu, Barmer and Jalore suffered from lack of it, and scarcity has already occurred in some villages of these districts. A sum of Rs. 4 lakhs has already been sanctioned by Government for local relief works.

6. Under the State Five Year Plan, a total sum of Rs. 1681.4 lakhs was allotted for expenditure during the period 1951-52 to 1955-56. This figure has now been further raised to Rs. 2297.1 lakhs, Appropriately for Rajasthan, the largest fraction of this total, that is, Rs. 753.6 lakhs, has been earmarked for the development of Irrigation, out of which Rs. 280 lakhs have been spent so far on various irrigation works. The Jawai Project is nearing completion;

and it is hoped that some nonperennial irrigation will be possible under the Bhakra Project in the latter half of this year. It is expected that about 92,000 acres of additional land will be brought under irrigation by the end of this year. It is a matter for great satisfaction that my Government have been able to persuade the Government of India to include the Chambal Hydro-Electric Project in the Five Year Plan. In addition to all this we have secured a loan of Rs. 1.75 crores for special minor irrigation works.

7. The total sum allotted for the development of roads has been raised from Rs. 400 lakhs to Rs. 500 lakhs. From out of this, about 225 miles of metalled roads and 200 miles of un-metalled roads have already been completed at an expenditure of Rs. 1½ crores.

8. From the existing resources of the Power Houses, 3,500 more consumers were supplied power during the last year. The Planning Commission have also agreed to grant a loan of Rs 250 lakhs during this Plan period for the improvement and rehabilitation of the State Power Houses; out of this Rs. 16 lakhs will be spent this year.

9. Two Community Development Blocks and 12 National Extension Service Blocks were inaugurated in October, 1953. Thus, we have in Rajasthan, 9 Community Development Blocks and 12 National Extension Service Blocks covering a population of 15,86,870 in 10 districts of Rajasthan. It is proposed to have 20 more Extension Blocks during the coming year and another 18 Blocks in the subsequent year.

10. We have been able to knit these projects into our general administration by placing them in the charge of the local Sub-Divisional Officers. This experiment has proved successful. The work in the Community Project areas has already stirred the people and areas which were dormant all these years are slowly waking up to a possibility of a new life.

11. Government are attempting to give a fillip to education, social reform and constructive activity in those areas of the State, where due to comparative economic backwardness, people have tended to take to a life of crime.

12. During the last year, Rajasthan witnessed one of the worst locust invasions in living memory; as many as 471 swarms visited Rajasthan and attacked 2,052 villages. By co-ordinated efforts, the officers of the different departments of Government working in the closest co-operation with the public and the Anti-Locust Organisation of the Government of India, averted the great calamity with hardly any damage to the crops anywhere.

13. As a result of the distribution of improved varieties of seeds, popularisation of artificial manures, distribution of 'taccavi' loans, etc , the average yield of crops has definitely been increased. Two Basic Agricultural Schools have been established one at Kotah and the other at Sawai Madhopur, and a third School will be started at Udaipur very shortly to meet the demands for the Village Level Workers in the Community Project and National Extension Service Blocks.

14. The ample and timely monsoon has given us a very satisfactory 'Kharif' crop. The 'rabi' crop is equally promising in most parts of Rajasthan. We can, therefore, view the position in regard to food with satisfaction. For this reason Government have issued various orders relaxing the existing controls. They have also been successful in disposing of accumulated surpluss stocks of foodgrains thereby averting loss to the state.

15. In the field of co-operation Government have this year taken the first step to co-ordinate rural credit facilities. They have established the Rajasthan State Co-operative Bank which will serve as an Apex Bank for the Co-operative institution in the state. Credit facilities will now be provided by the Reserve Bank of India also through the agency of this Apex Bank. To give relief to the cultivators and save them from the expense and inconvenience of litigation two Debt Conciliation Boards one at Bali and other at Bilara have also been set up. Arrangements have also been made to impart training not only to the staff of the Co-operative Department but also for members of the Co-operative Societies.

16. Government realise that Rajasthan with its famous breeds of cattle, needs to develop its livestock. A five-year scheme sponsored by the Indian Council of Agricultural Research for the classification of veterinary diseases is already under execution. Government are also considering a proposal to legislate for the proper development of 'Goshalas'.

17. Due to their failure to find a convenient and adequate mark for their produce, the sugar cane growers of Ganganagar District have been in gradually worsening economic plight; the sugar mill at Ganganagar, in which we have substantial financial interest has been functioning ineffectively for some time. For these two reasons, Government have now temporarily taken up the management of this mill.

18. Government in the Labour Department have been devoting there energies for the amicable settlement of various disputes arising between the workers and the management in mines and factories in different parts of the State. The results of our efforts in this direction have been satisfactory. Three Labour

Welfare Centres at Bhilwara, Pali and Jaipur have been started. Two labour offices have also been opened at Kotah and Bikaner.

19. Our Settlement operations have become more wide-spread this year; a scheme costing about Rs. 40 lakhs and spread over a period of four years has been sanctioned for Settlement operations, both summary as well as revisional. A committee of officials and non-officials has been formed for examining proposals for fixation of ceilings on agricultural holdings. An organisation has been set up for surveying and preparing Records of Rights and allotting lands in the areas to be brought under the Bhakra-Nangal Irrigation Project. Considerable areas of uncultivated tracts have been brought under the plough in other districts, thus giving land to the landless peasant and revenue to the State.

20. The negotiations between representatives of Government and of the Jagirdars in regard to certain clauses of the Rajasthan Land Reforms and Resumption of Jagirs Act have borne fruit. We are grateful for the sympathy and assistance which we have received from Pandit Jawahar Lal Nehru and Pandit Govind Ballabh Pant in this matter. Government will place before this Assembly a bill to give effect to the agreements arrived at.

21. Satisfactory progress has been made in the field of education. The expenditure on education rose from Rs. 92,60,000 in the year 1949 to Rs. 2,91,90,000 during the current financial year. Despite financial difficulties the Government have been able to start 1,300 new Primary Schools, upgrade 50 Primary Schools to Middle Schools and 10 Middle Schools to High Schools. Of these, 500 one-teacher schools were opened to relieve unemployment under the Government of India Scheme. Science and Commerce Classes were started in various colleges in Rajasthan. Government have accepted in principle the Scheme of Basic education and steps are being taken to give effect to it. Government have also participated in the intensive educational Schemes launched by the Government of India and for this purpose a block of about 100 villages known as Girwa Tehsil has been selected in Udaipur. Facilities for training of teachers in basic education upto Post-Graduate level have been started in Janta College for the training of village leaders has also been established.

22. Government have reorganised the Medical and Public Health departments on the lines prevailing in other States. 35 Ayurvedic Dispensaries are being opened this year and a similar number next year. This year saw a very high incidence of malaria in large tracts of Jodhpur and Bikaner divisions. I am glad to be able to say that the Medical and Public Health Departments tackled the situation with vigour and controlled the spread of the disesae very quickly. Six B. C. G. teams are now working in full swing and it is expected that these teams would visit every village in Rajasthan during the next four or five years.

The question of Mobile Dispensaries, Mobile Surgical Units and Mobile Centres for the treatment of Gunea Worm are also under examination. The construction of the Maharao Bhim Singhji Hospital at Kotah and the Outpatients' Department in the Sawai Man Singh Hospital, Jaipur, have been undertaken during the current year and Government expect to complete them before the end of the coming year. The outstanding event of the year in this field has been the recognition of the Sawai Man Singh Medical College by the Indian Medical Council.

23. The-Rajasthan Panchayat Act has now been brought into force and through it Government will endeavour to make democratic Local Self-Government a reality to the villager. When the Rajasthan District Board Act comes into force it will mark a further advance in the same direction.

24. We have advanced further in the direction of rehabilitating the displaced persons who in 1947 and 1948 came to Rajasthan and made their homes in this State. We have added to the city of Jaipur a new market—the Bapu Bazar where 177 shops have been constructed for the use of the displaced persons. Elsewhere in the State houses and shops have been and are being built for the displaced persons, who now form a useful part of the population of this State.

25. The Backward Classes Welfare Department of my Government is now running 150 Primary and adult Night Schools and 10 Hostels where all expenditure on board and lodging is borne by Government. Industrial training is also being imparted to Scheduled Tribes. The Government of India have sanctioned a sum of Rs. 8 lakhs for various schemes for the development of Scheduled Tribes; Rs. 3.5 lakhs for other backward classes, Rs. 96,130 for ex-criminal tribes and Rs. 1.11 lakhs for the removal of untouchability. I have no doubt that Government will be able to spend this in the best interests of the Backward citizens of the State.

26. Government have extended to all its employees drawing a substantive pay of more than Rs. 50, a scheme for Compulsory Insurance. I have no doubt that this will be of benefit to the permanent civil services of the State.

27. There are at present under the consideration of the Legislature a number of important pieces of legislation which the Government have sponsored. Government propose to bring before this session:—

1. The Rajasthan Land Revenue Bill,

2. The Rajasthan General Sales Tax Bill,

3. The Rajasthan Land Reforms and Resumption of Jagirs (Amendment) Bill,

4. The Rajasthan Goshala Bill,

and other measures for giving effect to various schemes, the cumulative effect of which is to take a step forward in the building of a welfare state in Rajasthan.

28. Before I conclude, I would like to express my deep satisfaction at the manner in which this Legislature has, during the past year, conducted its discussions. I am confident that you will continue to build up healthy parliamentary conventions. I now leave you to your deliberations."

(श्रीमन् राजप्रमुख के अभिभाषण का अनुवाद)

अध्यक्ष महोदय व माननीय सदस्यगण,

विधान सभा के इस सत्र में आपका स्वागत करते हुए मुझे वास्तव में प्रसन्नता हो रही है। साल भर पहले जब मैंने भाषण दिया था तो एक नैराश्य का वातावरण छाया हुआ था। हमारी आर्थिक दशा सन्तोषजनक नहीं थी, तथा खाद्य स्थिति भी बड़ी चिन्ता का विषय बनी हुई थी, और यद्यपि कानून और व्यवस्था की स्थिति में कुछ सुधार हुआ था फिर भी हम डाकुओं के बड़े-बड़े समूहों से आतंकित थे। अब एक साल के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि सरकार आर्थिक दशा को सुधारने, खाद्यानों की स्थिति को दृढ़ करने व कानून और व्यवस्था की स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन करने में समर्थ हुई है और अब आगामी वर्ष का आशा और विश्वास के साथ सामना करने की स्थिति में हैं।

२. सरकार द्वारा कड़े और प्रभावशाली कदम उठाये जाने के कारण गत वर्ष के मुकाबले में १९५३ में डकैतियों की संख्या में ५२ प्रतिशत कमी हुई है। इस वर्ष में ३८ डाकुओं ने आत्मसमर्पण किया, अन्य ३७ मारे गये और ४२३ बन्दी बनाये गये। देहातों और सीमावर्ती क्षेत्रों में निश्चय ही फिर से सुरक्षा की भावना आ गई है। सीमाओं पर होने वाले अपराधों पर काबू पाने की गरज से राजस्थान, सिन्ध और सौराष्ट्र के पुलिस इन्सपेक्टर जनरलों का एक सम्मेलन किया गया था और उसमें इन राज्यों के पुलिस दलों द्वारा अधिक सहयोग से काम करने की व्यवस्था की गई इसी प्रकार उत्तर प्रदेश मध्यभारत और हमारी सरकार के प्रतिनिधियों ने एक दूसरा सम्मेलन करके चम्बल की गारों में होने वाले अपराधों की रोक-थाम के लिये तीनों राज्यों के पुलिस दलों के अधिक सहयोग से काम करने का दृढ़ निश्चय किया है।

३. पुलिस दल के पुनर्संगठन में बहुत काफी प्रगति हुई है और विशेषकर पुलिस को बड़ी मात्रा में सवारियां, वायरलैस सैट, हथियार व अन्य सामान दिया गया है। हम एक फिंगर प्रिन्ट ब्यूरो और फोरेन्सिक लैबोरेट्री खोलने तथा अनुसन्धान के अन्य आधुनिक उपायों का प्रचलन करने की योजना बना रहे हैं। पार्ट बी स्टेट्स (स्पेशल असिस्टेंस) एनक्वायरी कमेटी ने भारत

सरकार से शिफारिश की है कि अपने प्रशासन सम्बन्धी भवनों को आधुनिक आवश्यकताओं के तल पर लाने के लिये हमें आर्थिक सहायता दी जाय। सरकार का विचार है कि इस धन का अधिकांश भाग ऐसे स्थानों में पुलिस चौकियां व पुलिस लाइनें बनाने के काम में लाया जाय जहां इनकी अत्याधिक आवश्यकता है। पुलिस दल की सब शाखाओं ने जो काम किया है और विशेषकर राजस्थान सशस्त्र सिपाही दल के (आर्म्ड कौन्स्टेबुलरी) कठिन व विरोधी परिस्थितियों में भी जो अत्यन्त महत्वपूर्ण काम कर रहा है, उसकी सरकार के साथ-साथ मैं भी सराहना करता हूँ। पुलिस दल के जिन सदस्यों ने कर्तव्य पालन में अपने जीवन की बलि चढ़ा दी है उनके शोक ग्रस्त परिवारों से हमें सहानुभूति है।

४. अपराधों को रोकने में पुलिस के साथ गांव वालों का भी सक्रिय सहयोग प्राप्त करने का प्रयत्न किया गया है। इस उद्देश्य से २४९१ ग्राम सुरक्षा समितियां बनाई गई हैं और इनमें से बहुतसी समितियां अपराधों का दमन करने में सरकार को बहुत सहायक सिद्ध हुई हैं।

५. मौजूदा आर्थिक वर्ष के शुरू के छः महीनों में राज्य के कई भागों में अभाव की स्थिति रही। इसका मुख्य कारण यह था कि वर्षा नियमित रूप से व काफी नहीं हुई है। इसके लिये सहायता-कार्य आरम्भ किये गये जो चालू आर्थिक वर्ष के प्रथम छः महीनों में चलते रहे। उनके द्वारा २२,६६,६५९ जन संख्या वाले ४४,०८८ वर्गमील के क्षेत्र में राहत पहुँचायी गई। इसके अलावा वृद्ध और दुर्बल व्यक्तियों के तथा पर्दानशीन स्त्रियों को भी मुफ्त सहायता प्रदान की गई। सहायता कार्यों पर कुल मिलाकर ४६,३०,००० रुपये व्यय हुए। चालू वर्ष में अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा बहुत सन्तोषजनक रही पर गंगानगर, झुन्झुनू, चूरू, बाड़मेर और जालौर जिलों के कुछ भागों में इसकी कमी रही और इन जिलों के कुछ गांवों में अभाव की स्थिति पैदा हो चुकी है। सरकार ने इन क्षेत्रों में स्थानीय सहायता कार्यों के लिये ४ लाख रुपये की राशि स्वीकार की है।

६. राजकीय पंच वर्षीय योजना के अन्तर्गत १९५१-५२ से १९५५-५६ की अवधि में व्यय करने के लिये कुल १६८१.४ लाख रुपये की राशि रखी गई थी। यह राशि अब बढ़ाकर २२९७.१ लाख करदी गई है। इस राशि का एक बहुत बड़ा भाग, अर्थात् ७५३.६ लाख रुपये, सिंचाई के विकास के लिये अलग रख दिये गये हैं, और यह राजस्थान के लिये उचित भी है। इसमें से अब तक २६० लाख रुपये सिंचाई के भिन्न-भिन्न कार्यों पर व्यय किये जा चुके हैं। जवाई परियोजना करीब-करीब पूरी हो गई है, और आशा की जाती है कि इस वर्ष के अन्त के छः महीनों में भाकरा परियोजना से भी वर्ष के कुछ भाग में सिंचाई करना सम्भव हो सकेगा। अनुमान है कि इस वर्ष के अन्त तक ६२,००० एकड़ अधिक भूमि में सिंचाई होने लगेगी। बड़े सन्तोष का विषय है कि राजस्थान सरकार भारत सरकार को इस बात पर राजी करने में सफल हुई है कि चम्बल जल विद्युत परियोजना को भी पंच वर्षीय योजना में शामिल कर लिया जाय। इस सब के अलावा सिंचाई के विशेष-विशेष छोटे कामों के लिये भी हमें १.७५ करोड़ रुपये का ऋण मिला है।

७. सड़कों के विकास के लिये हमें जो राशि दी गई थी वह अब ४०० लाख रुपये से

बढ़ाकर ५०० लाख कर दी गई है। इसमें से डेढ़ करोड़ रुपये की लागत लगाकर लगभग २२५ मील पक्की और २०० मील कच्ची सड़कें अब तक बन चुकी हैं।

८. पिछले वर्ष में बिजली घरों के तत्कालीन साधनों द्वारा ही ३,५०० और उपभोक्ताओं को बिजली दी गई। योजना आयोग (Planning Commission) ने राज्य के बिजली घरों के सुधार और पुनर्निर्माण के लिये योजना काल में २५० लाख रुपये उधार देना स्वीकार कर लिया है, जिसमें से १६ लाख रुपये इस वर्ष व्यय किये जावेंगे।

९. अक्टूबर, १९५३, में दो सामुदायिक विकास खण्ड व बारह राष्ट्रीय विस्तार सेवा खण्ड खोले गये। इस प्रकार राजस्थान में अब कुल मिलाकर ९ सामुदायिक विकास खण्ड और १२ राष्ट्रीय विस्तार सेवा खंडों में काम चल रहा है जिनके अन्तर्गत राजस्थान के १० जिलों की १५,८६,८७० जन संख्या को लाभ पहुँचता है। आगामी वर्ष में २० विस्तार खण्ड और खोलने का विचार है और आशा है उसके बाद के वर्ष में ऐसे १८ खण्ड और खोले जावेंगे।

१०. हमने इन परियोजनाओं को स्थानीय उप-जिला-पदाधिकारियों की देखरेख में रख दिया है और इस प्रकार वे हमारे सामान्य प्रशासन का ही अंग बन गये हैं। इस प्रयोग में हमें सफलता मिली है। सामुदायिक विकास वाले क्षेत्रों की जनता अब जागरूक हो गई है और वे क्षेत्र जो अब तक बिल्कुल पिछड़े पड़े थे अब धीरे-धीरे एक नये जीवन का स्वप्न देखने लगे हैं।

११. आर्थिक दृष्टि से अपेक्षाकृत पिछड़े हुए होने के कारण राज्य के कुछ भागों की जनता ने अपराधी जीवन ही अपना लिया था। सरकार अब इन क्षेत्रों में शिक्षा, सामाजिक सुधार और निर्माणकारी कार्यों को बढ़ावा देने का प्रयत्न कर रही है।

१२. गत वर्ष राजस्थान में टिड्डियों ने जैसा भयंकर आक्रमण किया वैसा पहले कभी किया गया याद नहीं पड़ता। इस बार टिड्डियों के ४७१ दल राजस्थान में आये और उन्होंने २०५२ गांवों पर धावा बोला। सरकार के विभिन्न विभागों के अफसरों के सम्मिलित उद्योग तथा जनता और भारत सरकार की टिड्डी विरोधी संस्था के निकटतम सहयोग से उस महान् आपत्ति को टाला गया और शायद ही फसलों को कहीं कोई क्षति हुई हो।

१३. अच्छे किस्म के बीज बांटे जाने, कृत्रिम खाद को लोकप्रिय बनाने तथा तकावी ऋण आदि बांटे जाने के कारण प्रति एकड़ उपज में निश्चय ही वृद्धि हुई है। सामुदायिक योजनाओं और राष्ट्रीय विस्तार सेवा खण्डों में काम करने वाले ग्राम्य-स्तर के कार्यकर्त्ताओं की कमी पूरी करने के लिये दो बेसिक कृषि शालाएँ खोली गई जिनमें से एक कोटा में हैं और दूसरी सवाई माधोपुर में। इनके अतिरिक्त एक तीसरी कृषि शाला उदयपुर में भी अति शीघ्र खोलने का विचार है।

१४. इस बार मानसून के समय पर आ जाने और काफी वर्षा हो जाने के कारण खरीफ की फसल बड़ी सन्तोषप्रद हुई है। रबी की फसल भी राजस्थान के अधिकांश भागों में बड़ी उत्साह-

जनक है। इसलिये हमारी खाद्यस्थिति सन्तोषजनक दिखाई देती है। इस कारण से ही सरकार ने बहुत सी आज्ञाएँ निकाल कर मौजूदा नियन्त्रणों को ढीला कर दिया है। इसके साथ ही साथ वह खाद्यान्नों के बचे हुए स्टॉक को भी बेच देने में सफल हुई है जिससे राज्य हानि से बच गया है।

१५. सहकारिता के क्षेत्र में, सरकार ने गांवों में मिलने वाली उधार की सुविधाओं को एक सूत्र में बांधे जाने का इस वर्ष पहला कदम उठाया है। उसने राजस्थान स्टेट कोऑपरेटिव बैंक की स्थापना की है जो कि राज्य की सहकारी संस्थाओं के लिए एक एपैक्स बैंक का काम करेगी। अब रिज़र्व बैंक आफ इण्डिया भी इस एपैक्स बैंक के मार्फत उधार की सुविधाएं प्रदान करेगी। किसानों को सहायता देने और उनको मुकदमेबाजी के खर्च और असुविधा से बचाने के लिये दो ऋण समझौता समितियां भी बाली और बिलाड़ा में बनाई गई हैं। सहकारी विभाग के कर्मचारीवर्ग को ही नहीं बल्कि सहकारी समितियों के सदस्यों को भी सहकारिता की शिक्षा देने का प्रबन्ध किया गया है।

१६. सरकार अनुभव करती है कि राजस्थान में प्रसिद्ध नस्लों के पशु मौजूद हैं, और यहां के पशुधन का विकास जरूरी है। पशुरोगों के वर्गीकरण के लिए इण्डियन कौंसिल ऑफ एग्रिकल्चरल रिसर्च द्वारा बनाई गई पंचवर्षीय योजना के अनुसार पहले से ही काम हो रहा है। सरकार गौशालाओं के उचित विकास के लिये कानून बनाने के प्रस्ताव पर भी विचार कर रही है।

१७. गंगानगर जिले के ईख बनाने वालों की आर्थिक दशा, अपनी उपज की बिक्री के लिये सुविधाजनक और यथेष्ट मन्डी न मिलने के कारण, खराब होती जा रही है, और गंगानगर स्थित शकर बनाने की मील, जिसमें हमारा अधिक मात्रा में आर्थिक हित निहित है, कुछ समय से अच्छी तरह कार्य नहीं कर रही है। इन दो कारणों से सरकार ने अस्थाई तौर पर इस मिल का प्रबन्ध अपने हाथ में ले लिया है।

१८. सरकार का श्रम विभाग राज्य के विभिन्न भागों में स्थित खानों और कारखानों के मजदूरों और प्रबन्धकों के बीच पैदा होनेवाले कई प्रकार के विवादों के मित्रतापूर्ण निपटारे के लिये पूरी कोशिश करता आ रहा है। इस दिशा में हमारे प्रयत्न सन्तोषपूर्ण रहे हैं। भीलवाड़ा, पाली और जयपुर में तीन श्रम कल्याण केन्द्र खोले गये हैं। दो श्रम कार्यालय भी कोटा और बीकानेर में खोले गये हैं।

१९. हमने बन्दोबस्त सम्बन्धी कार्यों में इस वर्ष काफी विस्तार कर दिया है, संक्षिप्त और संशोधक-दोनों प्रकार के बन्दोबस्त कार्यों के लिये लगभग ४० लाख रुपये के लागत की एक योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है जो अनुमानतः चार वर्ष में जाकर पूरी होगी। खेतों की अधिकतम सीमा नियत करने के प्रस्तावों की जांच करने के लिये सरकारी और गैर सरकारी व्यक्तियों की एक समिति बनाई गई है। भाखड़ा नांगल सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत लाए जाने वाले क्षेत्रों में पैमाइश करने और अधिकार अभिलेख तैयार करने और जमीन बांटने के लिए एक संगठन कायम किया गया है। दूसरे जिलों में ऐसे बड़े बड़े क्षेत्रों में, जिनमें पहले खेती नहीं हो रही थी, अब खेती होने लगी है, जिससे भूमि विहीन किसानों को भूमि और राज्य को मालगुजारी की प्राप्ति हुई है।

२०. राजस्थान में भूमि सुधार और जागीरों के पुनर्ग्रहण के अधिनियम की कुछ धाराओं के सम्बन्ध में सरकार के और जागीरदारों के प्रतिनिधियों के बीच होने वाली समझौते की बातचीत फलदायक सिद्ध हुई है। इस विषय में हमें पंडित जवाहरलाल नेहरू और पंडित गोविन्द-वल्लभ पंत से जो सहानुभूति और सहायता मिली है उसके लिये हम उनके कृतज्ञ हैं। इन समझौतों को कार्यान्वित करने के लिये सरकार इस सभा में एक विधेयक पेश करेगी।

२१. शिक्षा के क्षेत्र में सन्तोषजनक प्रगति हुई है। शिक्षा पर होने वाला खर्च सन् १९४९ के रु० ९२,६०,००० से बढ़ कर इस आर्थिक वर्ष में रु० २,६१,६०,००० तक पहुँच गया है। आर्थिक कठिनाइयों के होते हुए भी सरकार १३०० नई प्राथमिक शालायें खोलने, ५० प्राथमिक शालाओं को माध्यमिक शालाओं और १० माध्यमिक शालाओं को उच्च शालाओं में परिणित करने में सफल हुई है। इनमें से एक अध्यापक वाली ५०० शालायें बेकारी कम करने की भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत खोली गई हैं। राजस्थान के विभिन्न कालेजों में साइन्स और कामर्स की कक्षायें शुरू की गई। सरकार ने सिद्धांत के तौर पर बेसिक एजुकेशन की योजना को मान लिया है, और इसको कार्यान्वित करने के लिये प्रयत्न किये जा रहे हैं। भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली शिक्षा सम्बन्धी अत्यन्त प्रभावोत्पादक योजनाओं में राज्य सरकार भी भाग ले रही है और इस प्रयोजन के लिये उदयपुर में करीब १०० गांवों का एक समूह, जो कि गिरवा तहसील कहलाता है, छांटा गया है। अध्यापकों के बेसिक एजुकेशन सम्बन्धी पोस्ट ग्रेजुएट तक के प्रशिक्षण के लिए भी एक जनता कालेज स्थापित किया गया है।

२२. सरकार ने चिकित्सा एवं जन-स्वास्थ्य विभागों को अन्य राज्यों में प्रचलित प्रणाली के अनुसार पुनः संगठित किया है। इस वर्ष ३५ आयुर्वेदिक औषधालय खोले जा रहे हैं और इतने ही आगामी वर्ष खोले जायेंगे। इस वर्ष जोधपुर और बीकानेर डिविजनों के विशाल क्षेत्रों में मलेरिया का अत्यधिक प्रकोप रहा। मुझे यह कहते हुए हर्ष होता है कि चिकित्सा एवं जन-स्वास्थ्य विभागों ने स्थिति का उत्साहपूर्वक मुकाबला किया एवं बहुत ही शीघ्र, बीमारी के फैलने पर काबू पा लिया। बी० सी० जी० के छः दल अभी पूरे जोर शोर से कार्य कर रहे हैं और आशा की जाती है कि ये दल आगामी चार या पांच वर्षों में राजस्थान के प्रत्येक गांव में जायेंगे। नेहरूए (बाला) के इलाज हेतु चलते फिरते औषधालयों, चलती फिरती चीर फाड़ द्वारा चिकित्सा करने वाली यूनिटों तथा चलते फिरते चिकित्सा केन्द्रों के प्रश्न पर भी विचार किया जा रहा है। कोटा में महाराव भीमसिंहजी अस्पताल तथा जयपुर में सवाई मानसिंह अस्पताल के दैनिक रोगियों के लिए एक विभाग (Outpatients' Department) के निर्माण का कार्य इस वर्ष हाथ में ले लिया गया है और सरकार उनको आगामी वर्ष के समाप्त होने से पूर्व ही पूरा कर देने की आशा रखती है। इस क्षेत्र में वर्ष की विशेष बात यह है कि सवाई मानसिंह मेडिकल कालेज को इण्डियन मेडिकल कौंसिल द्वारा मान्यता प्रदान करदी गई है।

२३. राजस्थान पंचायत एक्ट अब लागू कर दिया गया है और उसके जरिए सरकार जनतांत्रिक स्थानीय स्वायत्त शासन को गांव वालों के लिये अब यथार्थरूप में कार्यान्वित करने का

प्रयत्न करेगी। राजस्थान जिला बोर्ड अधिनियम के लागू होजाने पर इस दिशा में और भी प्रगति होगी।

२४. सन् १९४७–१९४८ में राजस्थान में आकर बसने वाले विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्स्थापन करने में हमने और अधिक प्रगति की है। हमने जयपुर नगर में बापू बाजार नाम से एक नया बाजार बनाया है जहां पर विस्थापित व्यक्तियों के लिए १७७ दुकानें बनाई गई हैं। राज्य के अन्य स्थानों में भी विस्थापित व्यक्तियों के लिए जो अब इस राज्य की जन संख्या का एक उपयोगी अंग है, मकानात तथा दुकानें बनाई गई हैं एवं बनाई जा रही हैं।

२५. सरकार का पिछड़े हुए वर्गों का कल्याणकारी विभाग इस समय १५० प्राथमिक और वयस्क रात्रि शालायें तथा १० छात्रावास चला रहा है जिनका खाने और रहने का समस्त खर्चा सरकार उठा रही है। परिगणित वर्गों को औद्योगिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारत सरकार ने परिगणित वर्गों के विकास की विभिन्न योजनाओं के लिये ८ लाख रुपये और अन्य पिछड़ी हुई जातियों के लिए ३.५ लाख रुपये पहले जरायम पेशा कहे जाने वाले वर्गों के लिए ९९१३० रुपए तथा अस्पृश्यता निवारण के लिए १.११ लाख रुपए स्वीकार किये हैं। मुझे सन्देह नहीं है कि सरकार इस राशि को राज्य के पिछड़े हुए नागरिकों के सर्वोत्तम हितों पर खर्च करने में समर्थ होगी।

२६. सरकार ने ५० रुपये से अधिक मूल वेतन पाने वाले समस्त कर्मचारियों पर अनिवार्य बीमा योजना लागू कर दी है। राज्य की सिविल नौकरियों में काम करने वाले स्थायी कर्मचारियों को इससे निस्सन्देह लाभ होगा।

२७. सरकार द्वारा बनाये गये कई महत्वपूर्ण विधान इस समय विधान मण्डल के विचाराधीन हैं। इस सत्र में सरकार :

१. राजस्थान भू राजस्व विधेयक,

२. राजस्थान सामान्य विक्रय कर विधेयक,

३. राजस्थान भूमि सुधार और जागीर पुनर्ग्रहण (संशोधन) विधेयक,

४. राजस्थान गौशाला विधेयक,

तथा विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिये अन्य विधानों को प्रस्तुत करने का विचार कर रही है जिन सबका सम्मिलित प्रभाव यह होगा कि राजस्थान को कल्याणकारी राज्य बनाने में हम और अग्रसर होंगे।

२८. अपना भाषण समाप्त करने से पूर्व जिस रीति से इस विधान मण्डल ने गत वर्ष अपना कार्य सम्पन्न किया है उस पर मैं हार्दिक सन्तोष प्रकट करता हूँ। मुझे विश्वास है कि आप लोग स्वस्थ संसदीय परम्परायें स्थापित करते रहेंगे। अब आप लोग अपना विचार विमर्श करें।

(उद्घाटन भाषण पढ़ चुकने के पश्चात् श्रीमन् राजप्रमुख ने १० बजकर ३५ मिनट पर सभा- भवन से प्रस्थान किया। इसके पश्चात् गत सोमवार, दिनांक ८ मार्च, १९५४, के ८-३० प्रातः तक के लिए सदन की बैठक स्थगित हो गई)

विधान सभा भवन,
जयपुर,
दिनांक ५ मार्च, १९५४.

मनसाराम पुरोहित
सचिव,
राजस्थान विधान सभा.